# सिविल सर्विसेज ऑफिसर को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रांची

## दिनांक 29.10.2020 को आयोजित कार्यकारिणी बैठक की कार्यवाही

आज दिनांक 29.10.2020 को श्री बी0बी0 प्रधान, उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में सिविल सर्विसेज ऑफिसर को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी, धुर्वा, रांची की कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी उपस्थित हुए :–

1. श्री बी0बी0 प्रधान – उपाध्यक्ष
2. श्री ए0के0 रस्तोगी – सचिव
3. श्री ए0पी0 सिंह – सदस्य
4. श्री आर0पी0 सिंह – सदस्य
5. श्री आर0के0 मल्लिक – सदस्य
6. श्री आर0एल0 बक्सी – कोषाध्यक्ष
7. श्री रामचन्द्र राम – सदस्य

बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**प्रस्ताव संख्या–1** सोसाईटी की जमीन पर चल रहे चाहर दिवारी की प्रगति की समीक्षा एवं संवेदक को भुगतान पर विमर्श।

*सचिव ने अवगत कराया कि स्थल पर चाहरदिवारी का कार्य तेजी से चल रहा है। स्थल पर कुल –1898 RCF Pillars की ढलाई की जानी है, के विरूद्ध अभीतक कुल–1337 पिलर की ढलाई की जा चुकी है। 551 पीलर की ढलाई का कार्य प्रगति पर है। लगभग 250 pillars जो नीचे की तरफ वहाँ की जमीन अभी गीली है । अतः जमीन सूखने के पश्चात ही वहाँ Pillaring का कार्य हो सकेगा। 922 पिलर के बीच 8 फीट ईट की जुड़ाई की जा चुकी है। 250 पिलर के बीच 4 फीट की ईट की जुड़ाई की जा चुकी है। वर्तमान में कार्य जारी है।*

*संवेदक को चाहरदिवारी निर्माण के लिये कुल–5.39 करोड़ रूपये का भुगतान किया जाना है जिसके विरूद्ध अभी तक 2.38 करोड़ का भुगतान किया गया है।*

SECRETARY
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

TREASURER
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

Vice President
CSO CO-OP HSG Society L

Scanned with CamScanner

संवेदक द्वारा किए गए कार्यों की नापी कराई जाय तथा गुणवत्ता की जांच हेतु समिति की तीन सदस्यों की समिति बनाई जाय।

सोसाईटी की आवंटित भूमि में सात जगह रैयती भूमि अंदर तक आ गई है। उक्त भूमि के क्रय करने या अन्य विकल्पों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सोसाईटी के बीच पड़नेवाली रैयती भूमि को क्रय करने पर कितनी राशि की आवश्यकता होगी उसका आकलन किया जाय । साथ ही रैयती भूमि को चाहरदिवारी से बनाकर सोसाईटी से बाहर करने में बाउण्ड्री निर्माण पर कितनी लागत आएगी । उसका आकलन किया जाय तथा प्रतिवेदन आगामी कार्यकारिणी/आमसभा में निर्णय हेतु प्रस्तुत किया जाय। जमीन के क्रय करने के संबंध में कोई वैधनिक अड़चन हो तो उस पर कानूनी राय प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई की जाय। सोसाईटी में प्रवेश के लिए वर्तमान में 75 फीट चौड़े–चौड़े गेट रखने का प्रावधान किया गया है। गेट की चौड़ाई के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। सोसाईटी में आने–जाने के लिए अलग–अलग रास्तों, बीच में सुरक्षा प्रहरी के लिए स्थान तथा एक तरफ पैदल आने जाने का मार्ग बनाने की व्यवस्था की जानी आवश्यक है। गेट पर बुम्ब बैरियर तथा स्थायी गेट का प्रावधान किया जाय। यह निर्णय लिया गया कि गेट की चौड़ाई के लिए संवेदक से 60 फीट एवं 45 फीट गेट चौड़ाई का ड्राईंग प्राप्त कर आगामी GBM में निर्णय हेतु रखा जाय।

पूर्व में जमीन की गलत नापी होने के कारण लगभग 48 सदस्यों के आवंटित प्लॉट आंशिक/पूर्ण रूप से प्रभावित हो गए हैं। प्रभावित सभी सदस्यों पुनः आवंटन हेतु चिन्तित है। वर्तमान में स्थल पर जमीन को लगभग 3/4 भाग का घेराव हो चुका है तथा स्थल पर सोसाईटी की जमीन चिन्हित हो गई है। अतः प्रभावित प्लॉट का पुर्नआवंटन करना आवश्यक है। इन सदस्यों से विकास शुल्क भी प्राप्त नहीं हो रहा है।

सदस्यों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए निम्न निर्णय लिए गये :–

(क) आंशिक रूप से प्रभावित सदस्यों से सर्वसम्मति से यह विकल्प लिया जाय कि क्या वे वर्तमान में नापी के बाद उपलब्ध विवाद रहित जमीन से संतुष्ट हैं अथवा

SECRETARY
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY

TREASURER
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

Vice President
CSO CO-OP HSG Society

Scanned with CamScanner

वे भी पुर्नआवंटन चाहते है एवं वे पुर्नआवंटन नहीं चाहते हैं तो कितनी भूमि कम हुई है तो उन्हें राशि वापस कर दी जाय। यदि भूमि में कोई बदलाव हुई है तो उनसे अतिरिक्त राशि की वसूली की जाय।

(ख) जिन सदस्यों की जमीन में कोई बदलाव नहीं हुआ है उन्हें यथावत रखा जाय।

(ग) पुर्नः आवंटन के समय यह देखा जाय कि सदस्यों को कम से कम परेशानी हो। पुर्नः आवंटन में प्लॉट संख्या पूर्व की भांति ही रखी जाय। आमसभा के पूर्व नई नापी एवं वर्तमान स्थल के अनुरूप प्लॉट का पुनः layout कराया जाय तथा तैयार आवंटन प्रस्ताव को अनुमोदन हेतु आमसभा में प्रस्तुत किया जाय।

प्रस्ताव संख्या–2 सदस्यों द्वारा विकास शुल्क जमा करने की समीक्षा।

इस संबंध में सदस्यों को सूचित किया गया कि 125 सदस्यों द्वारा अभीतक प्रथम एवं द्वितीय विकास शुल्क जमा नहीं किया गया, जिसकी कुल राशि लगभग 2.02 करोड़ है। जिन सदस्यों ने विलम्ब शुल्क के साथ अभी तक राशि जमा नहीं की गई उन्हें 30.11.2020 तक विलम्ब शुल्क के साथ भुगतान का अंतिम अवसर दिया जाय। यदि वे 30.11.2020 तक विलम्ब शुल्क के राशि जमा नहीं करते है तो उनकी सदस्यता रद्द करने हेतु प्रस्ताव आगामी आमसभा में रखा जाय।

प्रस्ताव संख्या–3 आगामी आम सभा की तिथि का निर्धारण।

वर्तमान निदेशक मंडल दिनांक 24.09.2016 से कार्यरत है। इनमें अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सेवा निवृत हो चुके हैं। नये निदेशक मंडल का चयन आवश्यक है। अतः यह निर्णय लिया गया कि आगामी आमसभा दिनांक 05.12.2020 (शनिवार) को 11.30 बजे वन विभाग के पलाश भवन में आयोजित की जाय। Google meet के लिये भी लिंक सभी सदस्यों को WhatsApp पर भेजा जाय ताकि सदस्य Web के माध्यम से भी GBM में भाग ले सकें।

SECRETARY
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

TREASURER
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

Vice President
CSO CO-OP HSG Society

Scanned with CamScanner

निदेशक मंडल का निर्वाचन होगा। इस कार्य के लिए श्री एन0एन0 पाण्डेय, भा0प्र0से0, सेवानिवृत्त को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

कार्यकारिणी को चुनाव में भाग लेनेवाले सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे निर्वाचन हेतु अपना नामांकन निर्धारित प्रपत्र में भरकर सोसाईटी के कार्यालय में दिनांक–23.11.2020 तक जमा करवाने की कृपा करें।

निर्वाचन तिथि निम्नप्रकार से है :

| | |
|---|---|
| Filing of nomination | - 25-11-2020 |
| Scrutiny of papers | - 27-11-2020 |
| Withdrawal of nomination | - 01-12-2020 |
| Voting | -05-12-2020 |

Voter list एवं प्रपत्र अलग से संप्रेषित की जायेगी।

प्रस्ताव संख्या–6 अन्यान्य।

(1) EIA अधिसूचना के आलोक में सोसाईटी की जमीन को विकसित करते हेतु Environment Clearance प्राप्त करना आवश्यक है। Environment Clearance SEIAA द्वारा दिया जाना है। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि नियमानुसार Environment Clearance प्राप्त किया जाय ताकि भविष्य में किसी प्रकार का निर्माण कार्य किया जा सके।

(2) आर0आर0डी0ए0 से अनापत्ति प्रमाण पत्र – नियमानुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय।

(आर0एल0 बक्शी)
कोषाध्यक्ष
TREASURER
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

(ए0के0 रस्तोगी)
सचिव,
SECRETARY
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

(बी0बी0 प्रधान)
उपाध्यक्ष
Vice President
CSO CO-OP HSG Society Ltd

अनुलग्नक : नामांकन प्रपत्र।

Scanned with CamScanner